तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025


लगातार कार्रवाई के बाद भी कलेक्टोरेट के आसपास वाहन पार्क किए जा रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

### दोपहर में निकली धूप रात में फिर होने लगी झमाझम बारिश



**बिलासपुर।** शहर में बीते कई दिनों से लगातार बारिश होने के बाद बुधवार को कुछ देर के लिए धूप खिली रही। आसमान पर बादल भी छाए रहे, लेकिन तेज बारिश पूरे दिन हुई। बूंदबांदी के बीच दोपहर दो बजे के करीब बारिश थोड़ी तेज होने लगी थी, लेकिन कुछ ही देर बाद बारिश रुक गई। वहीं रात में झमाझम बारिश से शहर तरबतर हो गया। पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश से हलाकान शहरवासियों को बुधवार को थोड़ी राहत महसूस हुई। दिन की शुरूआत तो बदली से ही हुई, जिससे आज भी तेज बारिश की उम्मींद की जा रही थी। इस बीच बूंदाबांदी का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। दोपहर दो बजे के करीब बारिश तेज होने लगी थी। इतनी तेज कि सड़क पर आवागमन करने वालों को भीगना पड़ा, इधर दो बजे के बाद शहर में धूप भी खिल गई, जिससे पहले बारिश व बाद में धूप निकलने से उमस बढ़ गई।

### आधार कार्ड एडिट करने वाला साइबर कैफे संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हवलदार की जमीन बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी का आधार कार्ड एडिट करने वाले साइबर कैफे संचालक को गिरफ्तार कम्प्यूटर, प्रिंटर जब्त कर लिया है। ज्ञात हो कि खमतराई निवासी प्रधान आरक्षक प्रकाश दुबे पिता स्व. भैयालाल दुबे की पैतृक जमीन खसरा नम्बर 672, 56 डिस्मिल जमीन को कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनूज मिश्रा के पास बेच दिया गया था। जांच में खुलासा हुआ आरोपी के आधार कार्ड को एडिट कर जाति व फोटो बदल दिया गया था। आरोपियों से पूछताछ करने के बाद बुधवार को सरकण्डा थाने के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने आधार कार्ड एडिट करने वाले राजेन्द्र नगर स्थित महामाया साइबर कैफे में दबिश देकर संचालक कुदुदण्ड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रहने वाले दीपक कुमार साहू पिता बलराम साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर आधार कार्ड एडिट करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आधार कार्ड एडिट करने वाले कम्प्यूटर व प्रिंटर मशीन को जब्त कर लिया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन 21 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर के अंतर्गत तखतपुर के वार्ड क्रमांक 07 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा सीधे नियत दिनांक तक एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। इसी तरह एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 के केन्द्र क्रमांक 225 सोनकर मोहल्ला दयालबंद में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 24 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा सीधे नियत दिनांक तक एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# एटीआर के 55 किलोमीटर की जर्जर सड़क पर पेचवर्क भी नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व की खराब और कदम-कदम पर गड्ढे वाली 55 किलोमीटर की सड़क में पेचवर्क करने की अनुमति पीडब्लूडी ने मांगी थी, जिसे तीन साल पहले ही स्टेट वाइल्डलाइफ की ओर से हरी झंडी दिखाकर परमिशन दे दी गई है। करीब 55 किलोमीटर की उबाड़-खाबड़ जर्जर सड़क पर केवल कुछ ही बड़े गड्ढों की मरम्मत कर खानापूर्ति की जाएगी, विडंबना यह है कि यह काम भी अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। इससे इस इलाके से गुजरने वाले हलाकान हैं।

अमरकंटक और पेण्ड्रा की ओर आने-जाने के लिए एक मार्ग कोटा से अचानकमार टाइगर रिजर्व होते हुए और दूसरा मार्ग रतनपुर, मंझवानी, केंदा, केंवची होते हुए पड़ता है। रतनपुर की ओर से अमरकंटक जाने वाली सड़क की दूरी अधिक होने के कारण ज्यादातर लोग कोटा से शिवतराई होते हुए अमरकंटक की ओर आना-जाना करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच में शिवतराई से केंवची तक करीब 50 किलोमीटर से अधिक सड़क है, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। संवेदनशील और संरक्षित होने की वजह से टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से आनाकानी करती है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहती है, लेकिन आम लोगों की सुविधा से जुड़ी सड़क होने के कारण अब तक इसमें किसी तरह का निर्णय नहीं लिया गया है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी, उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत करता था। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद पीडब्लूडी के लिए भी सड़क मरम्मत करना कठिन हो गया। पीडब्लूडी के पास जर्जर सड़क को मरम्मत करने की मांग कई बार लोगों ने कर चुकी है, जिसके बाद पीडब्लूडी के पत्र पर एटीआर प्रबंधन को स्टेट वाइल्ड लाइफ से अनुमति मिल गई है। इसके बावजूद गड्ढे अब तक जस के तस हैं, जहां से आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**तीन साल पहले मिल चुकी है स्टेट वाइल्डबोर्ड की अनुमति, लेकिन काम की शुरुआत अब तक नहीं**





**13 साल बाद काम**

एटीआर की जर्जर और कदम-कदम पर गड्ढे के कारण चालक भी वाहन की गति धीमी रखते हैं, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। 13 साल से शिवतराई से केंवची के बीच गड्ढों को मरम्मत नहीं किया गया है, जहां बारिश के मौसम में सबसे अधिक दुर्घटना होती है। 11 साल बाद स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की परमिशन मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी शिवतराई से लेकर केंवची के बीच 49.6 किलोमीटर की सड़क मरम्मत करेगी।

**आने-जाने का समय निर्धारित**

अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क शिवतराई बेरियर से शुरु हो जाती है। इस दौरान शिवतराई से केंवची से होते हुए पेण्ड्रा, अमरकंटक की ओर आने-जाने वाली सड़क पर गड्ढों को मरम्मत नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा दो पहिया, चार पहिया वाहनों के आने-जाने का समय भी निर्धारित कर दिया गया है, जिसके कारण भी लोग परेशान रहते थे। इसके बाद प्रबंधन ने शिवतराई से लेकर अमरकंटक की ओर जाने वाले रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिसके उपरांत अब लोग रतनपुर केंदा मंझवानी के रास्ते से होकर अमरकंटक जा रहे हैं।

**चार किलोमीटर की सड़क मरम्मत**

पूर्व में लोक निर्माण विभाग ने एक प्रस्ताव बनाकर दिया था, जिसे राज्य वन्यप्राणी बोर्ड से अनुमोदित होने के बाद केंवची में चार किलोमीटर की खराब सड़क का पेंचवर्क काम कर दिया गया। इसके बाद जो शिवतराई से लेकर केंवची के बीच की सड़क है, उसके लिए प्रस्ताव बनाकर देने कहा गया है। यह कार्य पेण्ड्रा पीडब्ल्यूडी करेगी। प्रस्ताव मिलने के बाद उसे अनुमति के लिए भेजा जाएगा। अनुमति मिल जाती है तो पेचवर्क का काम शुरु होगा।

**- यू आर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

## 15 सालों में नहीं बदली सिरगिट्टी हायर सेकेण्डरी स्कूल की हालत



**टेबल-कुर्सी से लेकर क्लास में रखे सामान तक भीग गए**





# तालाब बन गया स्कूल, बेंच पर चढ़कर क्लास तक पहुंच रहीं शिक्षिकाएं, बच्चों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के बीच स्थित सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह पानी में डूब गया है। तालाब बने इस स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी गई है, क्योंकि क्लासरूम और स्टाफ रूम सभी पानी से भरे हुए हैं। टेबल कुर्सी से लेकर क्लास में रखे सामान तक भीग गए हैं। शिक्षकों को शिक्षकीय कार्य करने के लिए टेबल पर चढ़कर कमरों तक पहुंचना पड़ रहा है। कई बार स्थिति और खराब हुई तो कार में सवार होकर जाना पड़ता है। यह हाल पिछले 15 सालों से है जिसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। हर साल स्कूल डूबता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और चले जाते हैं। पिछले साल तो स्कूल के कमरों तक पहुंचाने के लिए नांव तक का सहारा लेना पड़ा था।

सिरगिट्टी में बन्नाक चौक के पास शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं और कुल दर्ज संख्या 1021 है। शहर के सबसे अधिक दर्ज संख्या वाले इस स्कूल में हर साल पानी भरता है और पढ़ाई प्रभावित होती है। इस बार भी यही स्थिति बन रही है पूरा स्कूल परिसर तालाब बना हुआ है। यहां तक कि ग्रामीण स्कूल परिसर में मछली निकालने पहुंच गए हैं। स्कूल के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष दुर्गेश यादव के मुताबिक गोकले नाले का पानी इस स्कूल में भरता है। दरअसल गोकले नाला इस क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही टेढ़ा-मेढ़ा और पतला हो जाता है। जैसे ही नाला ओवरफ्लो होता है उसका पूरा पानी स्कूल में घुस जाता है। नाले को सीधा और चौड़ा करने के लिए कई बार प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर के साथ ही मंत्री स्तर तक प्रयास किया गया है लेकिन फिलहाल पिछले 15 सालों से कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**की जा रही पानी निकासी की व्यवस्था**

नगर निगम के साथ मिलकर स्कूल परिसर से पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके साथ ही अलग से प्रस्ताव भी बनाया गया है। 70 ट्रक मिट्टी भी डलवाई गई है। एहतियात के तौर पर फिलहाल बच्चों की छुट्टी कर दी गई है।

**- अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

**एक कमरे में 100 के करीब बच्चे**

ध्यान रहे कि इस स्कूल में नगपुरा, कोरमी, कीर्ति नगर, परसदा, बन्नाकडीह, बसिया,मन्नाडोल, तारबहार, झोपड़ापारा और रेलवे परिक्षेत्र के बच्चे भी पढ़ने पहुंचते हैं। फिलहाल यहां 11 वीं में वाणिज्य, कला, विज्ञान के साथ ही व्यावसायिक कोर्स भी संचालित हो रहे हैं। स्कूल में कुल 13 शिक्षक है जबकि 5 और शिक्षकों की जरूरत है। दर्ज संख्या के हिसाब से एक शिक्षक को 100 के करीब बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्कूल में स्कूल 9 कमरे हैं जो कि कम हैं। 6 कमरों की और जरूरत है। दरअसल यह स्कूल परसदा और सिरगिट्टी के बीच में आता है इसलिए व्यवस्था बनाने के मामले में कई बार पटवारी और दूसरे राजस्व अधिकारी आनाकानी करते हैं पिछले 15 सालों में कई सरकार बदलती रही नेता और अधिकारी आते जाते रहे लेकिन स्कूल की हालत नहीं सुधरी।

**फर्नीचर और किताबें खराब हो रहीं**

अब हालात यह है कि स्कूल परिसर में पानी भर जाने के कारण कमरे में रखे फर्नीचर और किताबें खराब हो रही हैं। यहां तक की स्टाफ रूम और प्राचार्य कक्ष को भी दूसरे कमरों में शिफ्ट करना पड़ गया है। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि जैसे ही पानी भरना शुरू हुआ खतरे की आशंका को देखते हुए सारे सामान खास तौर पर कार्यालय दस्तावेजों को दूसरे कमरों में रख दिया गया है। शिक्षकों के मुताबिक शिकायत के बाद सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन की टीम स्कूल पहुंची थी। एक बार फिर एस्टीमेट बनाया गया है, ताकि व्यवस्था सुधारी जा सके।

## पुलिसकर्मी ने हाइवा ड्राइवर व कंडक्टर को बेसबाल के बेट से पीटा

**बिलासपुर।** साइड देने के विवाद में पुलिसकर्मी ने गुण्डागर्दी करते हुए हाइवा को रोककर बेसबाल के बेट से ड्राइवर व कंडक्टर को बेरहमी से पीटा, मारपीट के बाद पुलिसकर्मी ने उनकी गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बेमेतरा नवागढ़ चाकापेंड्रा निवासी दिनेश कुमार डहरिया पिता बाबूलाल डहरिया 36 साल ने तखतपुर थाने में रिपोर्ट लिखाई। 5 जुलाई को वह हाइवा क्रमांक सीजी 28 जे, 8704 को चलाते हुए कंटडक्टर विष्णु बंजारे के साथ मुंगेली से रायगढ़ जा रहा था। रात 10.30 बजे तखतपुर पार करने के बाद बिलासपुर की ओर से जा रहे कार चालक एक पुलिसकर्मी वर्दीधारी उनकी गाड़ी को क्रास करते हुए निकला। ड्राइवर ने उसे देखकर चलाने को कहा तो पुलिसकर्मी ने अपनी कार मोड़कर ओवरटेक करते हुए सामने जाकर हाइवा के सामने खड़े कर दिया। उसके बाद कार से उतरकर गुण्डागर्दी करते हुए बेसबाल के बेट से ड्राइवर साइड का शीशा तोड़ दिया और गाली गलौज करते हुए उसका नाम पूछने लगा। नाम बताकर ड्राइवर ने वाहन आगे बढ़ाया तो ममता ढाबा के पास उसने ड्राइवर व कंडेक्टर को गाड़ी से उतारकर हाथ मुक्का लात घूंसा व बेसबाल के बेट से पिटाई कर दी। उसके बाद बेसबाल के बेट से हाइवा में जमकर तोड़फोड़ की। मारपीट से ड्राइवर के बांए कमर व पीठ व कंडक्टर के पीठ, पीठ के नीचे, जांघ, आंख के पास चोट लगी है। उसके शरीर पर बेसबाल के बेट से मारने के निशान उभर आए हैं और चमड़ी उधड़ गई है। पुलिस ने दिनेश कुमार डहरिया की रिपोर्ट पर एक अज्ञात वर्दीधारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 324, 2, 126, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूति कर ली है।



**साइड देने को लेकर विवाद**

- गाड़ी में की तोड़फोड़
- तखतपुर ममता ढाबा के पास का मामला

**रेस ड्राइविंग को लेकर हुआ विवाद**

रेस ड्राइविंग को लेकर वर्दीधारी से ड्राइवर व कंडक्टर का विवाद हुआ है। एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर हाइवा ड्राइवर के खिलाफ व ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात वर्दीधारी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। वर्दीधारी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। संभवत: वर्दीधारी पुलिसकर्मी सिविल लाइन थाने में पदस्थ है।

**- अर्चना झा,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

**शहर हो या गांव जन्म लेने वाले बच्चों में लड़कियों की संख्या हर बार कम**

# पराया धन वाली मानसिकता बरकरार, हर साल कम पैदा हो रहीं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भ्रूण परीक्षण प्रतिबंधित होने की स्थिति में जन्म लेने वाला शिशु लड़की है या लड़का इसका पता नहीं लगाया जा सकता। ऐसे में जन्म लेने वाले बच्चों की सालाना संख्या में कभी कन्या शिशु तो, कभी बालक शिशु की संख्या अधिक हो सकती है, लेकिन प्राप्त आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बीते दस वर्षों में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, जन्म लेने वाले बच्चों में लड़कों की संख्या, लड़कियों की तुलना में हर साल अधिक है, जो बेटियां को पराया धन मानने वाली सामाजिक मानसिकता के आज भी बरकरार रहने का संकेत है।

बेटियों की पहुंच आज अंतरिक्ष तक हो चुकी है। देश के सर्वोच्च पदों पर लड़कों की तरह ही बेटियां भी आसीन हैं। हर तरह की परीक्षाओं में जारी मेरिट सूची में बेटियों का स्थान लड़कों की ही तरह ही टॉप पर होता है। इसके विपरीत दुखद बात यह है कि समाज के इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने और अत्याधुनिक होने के बाद भी धरती पर जन्म लेने के मामले में बेटियां आज भी लड़कों से पीछे हैं।


- बीते दस सालों में लड़कों की संख्या हर साल अधिक

जिले में प्रतिवर्ष पैदा होने वाले बच्चों की संख्या व उन संख्या में बालक व कन्या शिशु के बीच आने वाले अंतर का पता लगाने हरिभूमि द्वारा आंकड़े इकट्ठे किए गए। जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से प्राप्त आंकड़ों में एक बड़ी असमानता नजर आई। साल दर साल जन्में कन्या व बालक शिशु की संख्या प्रतिवर्ष परस्पर कभी कम या कभी अधिक होती तो ये आंकड़े सामान्य कहे जा सकते थे। इसके विपरीत वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2023 तक दस वर्षों में चाहे शहरी क्षेत्र हो, या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह हर साल बालक शिशु की संख्या अधिक रही। आंकड़ों से स्पष्ट है कि समाज में आज भी बेटे कहीं ना कहीं पहली प्राथमिकता में रखे जा रहे हैं। बेटियां भी अब बेटों से कम नहीं, और बेटा-बेटी एक समान जैसे जुमले समाज में लोगों की जुबान पर तो है, लेकिन अमल में नहीं है।

**दस साल का आंकड़ा**

| वर्ष | कन्या शिशु | बालक शिशु |
|---|---|---|
| 2014 | 49560 | 52534 |
| 2015 | 27245 | 28607 |
| 2016 | 38659 | 40284 |
| 2017 | 32695 | 33731 |
| 2018 | 23208 | 24663 |
| 2019 | 24748 | 26866 |
| 2020 | 20110 | 21811 |
| 2021 | 20489 | 21874 |
| 2022 | 21529 | 22907 |
| 2023 | 22023 | 23480 |
| कुल | 280266 | 296757 |

**लड़कों की तुलना में लड़कियां 16 हजार कम**



साल 2014 से 2023 तक के प्राप्त आंकड़ों में बालक शिशु की तुलना में कन्या शिशु की संख्या 16 हजार 491 कम है। दस वर्षों में जिले में कुल 5 लाख 77 हजार 23 बच्चों ने जन्म लिया है। इनमें बालक शिशुओं की संख्या 2 लाख 96 हजार 757 है। जबकि बालिका शिशु की संख्या 2 लाख 80 हजार 266 ही है। कुल जन्म लेने वाले बच्चों में 2 लाख 47 हजार 968 बच्चों ने शहरी क्षेत्र में जन्म लिया है, जिनमें बालक शिशुओं की संख्या 1 लाख 29 हजार 451 व बालिका शिशुओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 517 है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में दस वर्षों में कुल 3 लाख 29 हजार 55 बच्चे पैदा हुए, जिनमें बालक शिशुओं की संख्या 1 लाख 67 हजार 306 एवं बालिका शिशुओं की संख्या 1 लाख 61 हजार 749 रही।

**काम कर रहा पराया धन वाला फैक्टर**

समाज में आज भी लोगों की चाहत होती है कि एक बेटा हो जाए। कई परिवार ऐसे है, जहां बेटे के इंतजार में कई बेटियों का जन्म हो जाता है, वहीं कई परिवारों में पहली संतान बेटा होने के बाद अगला बच्चा लिया ही नहीं जाता। समाज में बेटियों को पराया धन और बेटे को बुढ़ापे का सहारा बताने वाला फैक्टर आज भी शत प्रतिशत काम कर रहा है। डा.शुक्ला ने कहा कि वैसे तो देश में भ्रूण परीक्षण प्रतिबंधित है, लेकिन बीते दस सालों में बेटियों की संख्या लड़कों की तुलना में हर साल कम होना संदेह को जन्म देता है। भ्रूण परीक्षण व भ्रूण हत्या की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**- डॉ.अंजु शुक्ला,** डीपी विप्र कॉलेज प्राचार्या एवं समाजशास्त्र प्रोफेसर




# गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर
## गुरु के श्री चरणों में शत्-शत् नमन्...



जीवन से अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश देने और हमें मोक्ष के द्वार तक पहुंचाने वाला गुरु कहा जाता है। अनादिकाल से हमारे देश में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। इस दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसे व्यास पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा पर छात्रों द्वारा अपने गुरुओं का सम्मान किया जाता है।

अधिकांश शिष्य अपने गुरुओं के सम्मान और स्मरण के लिए अपने घरों में गुरु पूजा करते हैं। हमारी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना संभव नहीं है। गुरु ही हमें वह राह दिखाता है, जिस पर चलकर हम अपने जीवन को व्यवस्थित व ज्ञान संपन्न बना सकते हैं। व्यक्ति के जीवन में सबसे पहले गुरु उसके माता, पिता या अभिभावक होते हैं।


माता पिता ही सबसे पहले मार्गदर्शन के अलावा बच्चे को जीवन के सच्चे मूल्य सिखाते हैं। इसके बाद शिक्षण संस्थानों में शिक्षक अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं। इस अवसर पर छात्र अपने शिक्षकों को धन्यवाद देने के लिए नाटक, नृत्य और संगीत प्रदर्शन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित कर गुरु का सम्मान करते हैं। इसके अलावा शिष्य अपने आध्यात्मिक गुरुओं के आश्रम जाकर गुरु की पूजा करते हैं।
















गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान शिव की पूजा की जाती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने अपने सात अनुयायियों (सप्तऋषियों) को योग का ज्ञान दिया और वे उनके गुरु बन गए। इसी तरह यह त्योहार बुद्ध को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने बौद्ध धर्म की नींव रखी। बौद्धों का मानना है कि इस पूर्णिमा के दिन, बुद्ध ने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त करने के बाद, उत्तर प्रदेश के सारनाथ शहर में अपना पहला उपदेश दिया था। इस पर्व के लिए आषाढ़ मास का ज्योतिषीय महत्व है।

ज्योतिषियों का मानना है कि यह धनु राशि को पूर्ण चंद्रमा के साथ मिथुन राशि में सूर्य को एक करने का सबसे अच्छा समय बताता है। इस प्रकार, गुरु पूर्णिमा का त्योहार इन खगोलीय पिंडों की स्थिति से ज्योतिषीय महत्व भी रखता है। भगवान बृहस्पति के उपासक भी त्योहार को ज्ञान और ज्ञान के ग्रह से प्रार्थना करने का एक शुभ समय मानते हैं। बृहस्पति देवताओं के गुरु व परम् सम्माननीय हैं।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





एजुकेशन

## आईटीआई एडमिशन के लिए 13 से 18 तक पंजीयन

**बिलासपुर।** कार्यालय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, आदि विषयों में ऑनलाइन प्रवेश हेतु तिथि जारी कर दिया है। द्वितीय चरण की रजिस्ट्रेशन के लिए 13 जुलाई से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। विद्यार्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर छत्तीसगढ़ आईटीआई एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। जिले के इच्छुक, ऐसे समस्त आवेदक जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गंगापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# कालेजों में पहले राउंड के एडमिशन के बाद फर्स्ट ईयर की 14 हजार से अधिक सीटें खाली

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में फर्स्ट ईयर में पहले राउंड का एडमिशन समाप्त हो गया है और दूसरे राउंड के लिए बुधवार को सेकंड लिस्ट जारी हुई है। पहले राउंड में कालेजों में फर्स्ट ईयर में 19 हजार से अधिक एडमिशन हुए हैं, जबकि लगभग साढ़े चौदह हजार से अधिक सीटें खाली हैं। यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में फर्स्ट ईयर में कुल 33 हजार 750 सीटें हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध 125 कालेजों में सत्र 2025-26 के लिए फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। यूनिवर्सिटी के पोर्टल में पहले राउंड की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बाद सभी कालेजों में 2 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट निकाली गई थी। इस लिस्ट में जिन-जिन छात्र-छात्राओं का नाम था, उन्हें 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। इस तरह पहले राउंड की एडमिशन समाप्त होते तक लगभग 19 हजार फ्रेशर छात्र-छात्राओं ने कालेजों में एडमिशन लिया है, जबकि पहले राउंड के बाद 14 हजार 700 से अधिक सीटें खाली रह गई है। फर्स्ट ईयर में इस सत्र कुल 33 हजार 750 सीटें हैं। वहीं दूसरी राउंड की एडमिशन प्रक्रिया भी चालू हो गई है और बुधवार को दूसरे राउंड की मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। दूसरे राउंड की लिस्ट में जिनके नाम आए हैं वे छात्र-छात्राएं कालेजों में जाकर एडमिशन ले सकते हैं।

| कोर्सेस | | कुल सीटें |
|---|---|---|
| बीए | — | 11491 |
| बीकाम | — | 7545 |
| बीएससी बायो | — | 7318 |
| बीएससी गणित | — | 4427 |
| बीसीए | — | 1685 |
| बीबीए | — | 810 |
| बीएससी एचएम | — | 20 |
| बीकाम एलएलबी | — | 240 |
| डीसीए | — | 2170 |
| बीएएलएलबी | — | 360 |



**फर्स्ट ईयर में अब तक 19 हजार एडमिशन ❒ फर्स्ट ईयर में कुल 33 हजार 750 सीट**

### शुरुआती कम एडमिशन के पीछे यह है कारण

कालेजों में फर्स्ट ईयर में शुरुआत में कम एडमिशन के पीछे कुछ प्रमुख कारण मानी जा रही है। एक तो अभी इंजीनियरिंग कालेजों में भी प्रवेश प्रक्रिया चल रहा है। कई छात्र अभी विचार कर रहे हैं कि वे इंजीनियरिंग करें या फिर इंजीनियरिंग के बजाए कालेजों में बीए, बीकाम, बीएससी आदि कोर्सेस में एडमिशन लें। इसी तरह मेडिकल की तैयारी में लगे हुए छात्र-छात्राएं भी मेडिकल में अवसर नहीं मिलने पर कालेजों में एडमिशन लें कि नहीं अभी निर्णय नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा हाल ही में सीयूईटी का रिजल्ट आया है और गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी यूजी कोर्सेस में एडमिशन चालू नहीं हुआ है। कई छात्र-छात्राएं जो सीयूईटी में शामिल हुए थे वे अभी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एडमिशन का रास्ता देख रहे हैं।

### दूसरे राउंड में बढ़ती है संख्या

कालेजों में फर्स्ट ईयर में शुरुआत में कम एडमिशन हुए हैं, क्योंकि बहुत से छात्र सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एडमिशन के इंतजार में रहते हैं। इसके अलावा कई लोग इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है इसलिए इंजीनियरिंग या अन्य फिल्ड में एडमिशन का अवसर पहले तलाशते रहते हैं। दूसरे राउंड से एडमिशन की संख्या बढ़ती है।

**- प्रवीण पांडेय**
क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग

### एक तिहाई सीटें भर पाईं

कालेजों में अभी प्रथम वर्ष में एक तिहाई सीटें ही भर पाई हैं। पहले राउंड में कम छात्र-छात्राएं एडमिशन लेने आते हैं। क्योंकि वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी या अन्य संस्थानों में एडमिशन का रास्ता देखते रहते हैं। एक छात्र द्वारा कई-कई कालेजों के लिए आवेदन किया गया रहता है और उन सभी कालेजों की लिस्ट में उनका नाम आता पर एडमिशन वे किसी एक कालेज में ही लेते हैं। इसलिए दूसरे व तीसरे राउंड में ही सीटें भरती है।

**- एसएल निराला**
प्राचार्य, शा. जेपी वर्मा कालेज

आयोजन

## बुजुर्गों की देखरेख और सम्मान जीवधर्णी का जागरूकता अभियान



**बिलासपुर।** जीवधर्णी फाउंडेशन ने कोटा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की जागरूकता अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम सियान चेतना का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे कोटा थाना के टीआई टी एस नवरंग ने बच्चों को उद्बोधन में बताया कि हमारे बुजुर्ग ज्ञान की किताब और अनुभव का भंडार है,उन्होंने अपने जीवन को हमारे लिए समर्पित किया है। बुजुर्गों की देखरेख करना, उनसे स्नेहा करना यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, मुख्य अतिथि ने चेतना के अन्य बिंदुओं पर भी प्रकाश डालते हुए यातायात सुरक्षा, नशे का दुष्प्रभाव तथा साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इसके साथ ही विगत वर्ष के वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया इसके पश्चात नशे के विरुद्ध बच्चों के साथ मिलकर पीपरताराई ग्राम की गलियों में रैली निकाली गई।

## आधारशिला स्कूल में ओडिशी नृत्यांगन जान्हवी ने दी मनमोहक प्रस्तुति

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में छात्रों को भारत की समृद्ध और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने, कला संस्कृति का संरक्षण करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पीक मैके के अंतर्गत उड़िया नृत्य की जानी मानी कलाकार जान्हवी बेहरा को आमंत्रित किया गया। इस दौरान जान्हवी बेहरा ने स्कूल में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्यालय के चेयरमेन डॉ.अजय श्रीवास्तव ने नृत्यांगना जान्हवी बेहरा को विद्यालय के डायरेक्टर व प्राचार्या ने उनके सह कलाकार सौम्य रंजन नायक, हरप्रिया स्वाइन और प्रदीप कुमार को लघु पौध देकर स्वागत किया। जान्हवी बेहरा एक समर्पित ओडिसी नृत्यांगना हैं, जिन्होंने गुरु रमेश चंद्र जेना और गुरु युधिष्ठिर नायक के संरक्षण में अपना नृत्य प्रशिक्षण शुरु किया। अपनी कुशल अभिव्यक्ति और शालीनता के लिए जानी जाने वाली जान्हवी बेहरा वर्तमान में स्पिक मैके संस्था से जुड़कर शास्त्रीय संगीत एवं लोक नृत्य की धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य अनवरत कर रही हैं। एवीएम स्कूल में भी उन्होंने शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति में उनके साथ सह कलाकार के रूप में सौम्य रंजन नायक मर्दन पर, प्रदीप कुमार वॉयलन पर तथा हरप्रिया स्वाइन वोकल पर रही। कार्यक्रम की शुरुआत ओम नमः शिवाय से की, उसके बाद कृष्ण झूले और मधुराष्टक की शानदार प्रस्तुति ने नृत्य की दिव्यता और भव्यता को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में जान्हवी ने छात्र छात्राओं को नृत्य कला की बारीकियां बताते हुए विभिन्न भाव भंगिमाओं से भी परिचित कराया। उन्होंने



बच्चों को त्रिप्रणाम मुद्रा, क्रोध मुद्रा, त्रिशूल मुद्रा, मयूर मुद्रा और वेद पठन जैसी नृत्य मुद्राओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने उनकी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। इस तरह के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, कला और सौंदर्यबोध का भी विकास करते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर एसके जनास्वामी ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से रहा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कला, संगीत और संस्कृति के प्रति भी सजग बनाया जाए। जान्हवी जी की शानदार प्रस्तुति से विद्यार्थियों को ओडिसी नृत्य की बारीकियों को जानने और सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने जान्हवी बेहरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रतिष्ठित कलाकार को हमारे बीच पाकर हम गौरवान्वित हैं। उनके नृत्य ने हमारे विद्यार्थियों के हृदय में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना जागृत की है। स्पीक मैके संस्था न केवल युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़कर, नृत्य व अन्य कला रुपों से उनकी सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाती है बल्कि कलाकारों को मंच भी प्रदान करती हैं।

## गुरु के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का दिन आज, होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर गुरूवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव शहर के विभिन्न मंदिरों में मनाया जाएगा। शहर के मुख्य सुबह से भक्तों की ओर से गुरु पूजन शुरू होगा, भक्त गुरु के रूप में महंत बाबूगिरी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। भक्तों को गुरु दीक्षा दी जाएगी। हनुमानजी की प्रतिमा का भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भक्तों के लिए महाप्रसादी का भी आयोजन होगा। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरूवार को मनाया जाएगा, महर्षि वशिष्ट के पौत्र पराशर ऋषि के पुत्र महर्षि व्यास की स्मृति में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का पद सर्वोच्च माना गया है, इस पर्व में शिष्य गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा की अभिव्यक्ति कर अपने समर्पण को जागृत करते हैं। शहर में गुरुओं के प्रति आस्था प्रकट करते हुए शिष्य उनकी पूजा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। विभिन्न संस्थानों व मंदिरों में गुरुपूर्णिमा के पर्व पर पूजन कार्यक्रम होगा। व्यंकटेश मंदिर में भव्य आयोजन करते हुए पूजन किया जाएगा। मंदिर के मठाधीश कौशलेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने बताया कि सुबह गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम होगा।



### पूर्णिमा पर करें ये काम

गुरु पूर्णिमा पर किसी पवित्र नदी में दीपदान करना भी शुभ माना जाता है। इस उपाय को करने से भी जातक को पितृ दोष से मुक्ति मिल सकती है। इसके साथ ही आप पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया भी जला सकते हैं। इससे भी पितृ दोष में राहत मिलेगी। साथ ही जातक पर पितरों का आशीर्वाद बना रहता है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

पितृ दोष से राहत पाने के लिए सरसों के तेल का दीया जलाना शुभ होता है। ध्यान रहे कि दीये को आप सीधे जमीन पर ना रखें। इसे चावलों के ऊपर या फिर किसी प्लेट के ऊपर रख सकते हैं। पूर्णिमा के दिन दीया जलाते समय पितरों का स्मरण करें और जाने-अनजाने में आपसे हुईं गलतियों के लिए उनसे क्षमा मांगे।

### भजन व भंडारा का आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार भक्त मंडल द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जेल रोड स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। भक्त मंडल के सदस्य विजय सूद ने बताया की शाम 5 संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन होगा। इसके पश्चात शाम 7:00 बजे पादुका अभिषेक व पूजन किया जाएगा। रात्रि 8 बजे आरती,हनुमान चालीसा पाठ पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। रामकृष्ण मिशन कोनी रोड में गुरुपूर्णिमा का पर्व को मनाया जाएगा,सुबह 4.45 बजे ध्यान व मंगल आरती होगी, सुबह 8 बजे विशेष पूजा, जप यज्ञ होगा। 10 बजे भजन तथा श्रीरामकृष्ण नाम संकीर्तन होगा। 11 बजे गुरुवंदना व प्रवचन होगा। उसके बाद गोष्ठी का कार्यक्रम होगा। महाराष्ट्र मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव के उपलक्ष्य में श्री गजानन महाराज का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मंनगर के सभी गजानन महाराज के भक्तों से निवेदन किया है कि महाराज के अभिषेक, दर्शन एवं प्रसाद हेतू मंदिर मे अवश्य पधारे।

कार्यक्रम

## अभाविप के 77 वें स्थापना दिवस पर छात्र प्रतिभाओं का सम्मान



**बिलासपुर।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वे स्थापना दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल चकरभाठा में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 110 प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्राध्यापक अमित बघेल प्रदेश अध्यक्ष, हेमांशु कौशिक, विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार अनंत, भाग संयोजक आशीष यादव, अभिषेक शर्मा, सुनील वर्मा, वेद प्रसाद साहू, मनोज यादव वरिष्ठ व्याख्याता,देवेश शर्मा, अनीश कौशिक, अंकित शर्मा, विकास कौशिक, पीयूष कौशिक, सानुल अख्तर, दिव्यांशु पाण्डेय, कुणाल तिवारी, राजीव निर्मलकर, राजा वर्मा, अशिम कौशिक, प्रद्युम्न उपाध्याय, आयुष कौशिक, गगन कौशिक,हसनैन खान एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिविर

## बच्चे मोबाइल से दूर रहे ताकि आंख सुरक्षित रह सके

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में आँखों से संबंधित बीमारियों का इलाज किया गया एवं आंखों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों से बचने एवं संबंधित परहेज के बारे में बताया गया।



अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 376 लोगो ने लाभ उठाया। उक्त शिविर 7 दिनों का रखा गया, शिविर में डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा चिकित्सक ने अपनी सेवाएं देते हुए कहा की हम अक्सर आंखों की समस्याओं को तब तक नजरअंदाज करते हैं, जब तक हम नजर खोना न शुरू कर दें आप ऐसा बिल्कुल नही करें, तुरन्त डॉक्टरों से जांच कराएं। इन्होंने कहा की बच्चों को मोबाईल की आदत से दूर रखें, ताकि बच्चों की आंख सुरक्षित रहे, नहीं तो कम उम्र में ही चश्मा लगना अन्य परेशानी आती है।

स्पोर्ट्स न्यूज

**मथुरा में 5 और 6 जुलाई को आयोजित चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग ने लहराया परचम**

# स्टैंडबॉल में छत्तीसगढ़ बना चैंपियन, सीवीआरयू के खिलाड़ी छाए रहे

उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्टैंड बाल चैंपियनशिप में डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। 5 और 6 जुलाई को आयोजित इस चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग में विश्वविद्यालय चैंपियन रहा है। टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति और कुलसचिव ने पूरे टीम की सफलता पर शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि स्टैंड बॉल खेल जिसका जन्म बिलासपुर में हुआ है। इसकी राष्ट्रीय स्टैंड बाल जूनियर, सीनियर चैंपियनशिप मथुरा उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 5 और 6 जुलाई 2 दिन के लिए आयोजित की गई। जिसमें चार राज्यों के पुरुष और महिला वर्ग में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राजस्थान ,महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश की टीमें आपस में भिड़ी। विश्वविद्यालय से कुल 22 विद्यार्थियों में इस खेल में हिस्सा लिया। जिसमें 13 छात्राएं और 9 छात्र हैं। पुरुष वर्ग की टीम ने मध्य प्रदेश से चार एक से मैच जीता है। इसी तरह महिला वर्ग में 3-1 एक से मैच जीता है। उन्होंने बताया कि यह बात बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है , कि पिछले तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की है । उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमेशा बनी रहेगी ।ऐसा मेरा विश्वास है , इस अवसर पर सानिया को बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड भी प्रदान किया गया। इस बड़ी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा कि इस खेल का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ है। इसलिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है, कि इसका खिताब हमेशा छत्तीसगढ़ के खाते में ही आना चाहिए।



### यह खिलाड़ी हुए शामिल

इस अवसर पर बालक वर्ग से अंकित, वलय, दुर्गेश, पुष्पराज, अमित ,लव, सिद्धांत शामिल हुए। इसी तरह महिला वर्ग में अस्मिता, अलेक्सा, मरियम, खुशबू, श्रद्धा, सुरमई, शिवांगी, हिना, सिम्मी, सानिया, रीना, संध्या, और सलोमी शामिल हुए। टीम के कोच के रूप में मनीष मुखर्जी शामिल रहे। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ जय शंकर यादव, विभागाध्यक्ष डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव सहित सभी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन के लिए भूमि का चयन



**भर्रीडांड़।** मरवाही में पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन के लिए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मरवाही के पटवारी हल्का नंबर 11 में रानी दुर्गावती कॉलेज एवं आईटीआई की जमीन से लगी लगभग 5 एकड़ भूमि का अंतिम रूप से चयन करते हुए पॉलिटेक्निक भवन एवं कैंपस निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए नक्शा-खसरा के साथ भूमि का आबंटन लोक निर्माण विभाग को आबंटित करने तहसीलदार को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार प्रीति शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता नित्या ठाकुर एवं एसडीओ दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मेडिकल ऑफिसर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**दगोरी।** सेक्टर दगोरी में मेडिकल ऑफिसर डॉ मंजूलता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सेक्शन अनुसार समीक्षा की। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को टारगेट के अनुरूप पूर्ण करने एवं निर्धारित दिवस पर पीएचसी दगोरी, बरतोरी में पीएडीए के पास जाकर सभी सेक्शन की ऑनलाइन एंट्री कराने के लिए योजना बनाई गई एवं इसके संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हरीश सन्नाट, सुरेश तिवारी, रोहित कौशिक, उमा मनहर, प्रभा उपाध्याय, शारदा उपाध्याय, मितानिन ट्रेनर अलखनांदा सूर्यवंशी, फूलवती, देवकी कौशिक, दुलारी निर्मलकर सहित सभी सेक्शन के स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष रंजीता ने कहा- प्रभावी ढंग से निभाएंगी विपक्ष की भूमिका



**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया के वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती रंजीता ओंकार यादव को कांग्रेस पार्षद दल का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। यह आदेश जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली की ओर से जारी किया गया है। मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। महामंत्री संगठन एवं प्रशानिक संजय यादव ने हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से कहा कि रंजीता यादव पार्टी की नीति विचारधारा एंव अनुशासन का पालन करते हुए विपक्ष की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाएंगी। नियुक्ति पर रंजीता ओंकार यादव के कहा की कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो पद दिया है, उस पर मैं अपनी पूरी निष्ठा के साथ काम करुंगी।

### निगम की कचरा गाड़ी में ले जाया गया महिला का शव, एएसआई सस्पेंड




**कोरबा।** एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की उसके घर के पीछे लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची थी जहां उसकी जली हुई लाश को मर्च्युरी तक पहुंचाने के लिए पुलिस ने शव वाहन के बदले नगर निगम के कचरा वाहन को शव उठाने के लिए इस्तेमाल किया गया जिसे देखकर मानवता भी शर्मशार हो गई। जैसे ही कचरा गाड़ी में शव उठाने का मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच अधिकारी एएसआई को तत्काल सस्पेंड कर दिया है और मामले में जांच का आदेश दे दिया है। उल्लेखनीय है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर बांकीमोंगरा थाने में पदस्थ एएसआई पृथ्वीराज मोहंती दल बल सहित पहुंचे थे जहां उन्होंने महिला के जले हुए शव को मर्च्युरी तक पहुंचाने के लिए शव वाहन का इस्तेमाल करने की बजाए उनके द्वारा नगर निगम के कचरा फेंकने की मौके पर बुलाया गया जहां महिला के जले हुए शव को कचरा गाड़ी में मर्च्युरी तक भेजा गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले में गंभीर लापरवाही बरतने वाले बांकीमोंगरा थाने में पदस्थ जांच अधिकारी एएसआई पृथ्वीराज मोहंती को सस्पेंड कर जांच का आदेश दिया गया है वहीं घटना के दूसरे दिन मृतका के पुत्र आने के बाद मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई और शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## कहीं भवन का अभाव, तो कहीं पेयजल व शौचालय की सुविधा नहीं

# ग्रामीण व वनांचल में स्कूलों की हालत दयनीय, विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 16 जून से हो गई है, लेकिन कई स्कूलों में आज तक पढ़ाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पाई है एवं स्कूलों में प्राचार्य सहित विषयवार व्याख्याता अन्य मूलभुत सुविधाओं का अभाव है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के नाम पर प्रति वर्ष करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी अधिकारियों का ध्यान स्कूलों की मूलभुत सुविधाओं की तरफ नहीं जाता।

जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली, किचन शेड, बाऊंड्रीवॉल सहित बैठक व्यवस्था भी सुदृढ़ नहीं है। बच्चे मध्यान्ह भोजन के बाद अपने घर लौट रहे हैं एवं कुछ स्कूलों में किचन शेड नहीं होने से अनेकों स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालक अपने घरों में बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुंगेली के ग्राम पंचायत केशलीकला के आश्रित ग्राम लालपुर व माराडबरी से प्रकाश में आया है। ग्राम में विगत तीन वर्षों से भवन नहीं है एवं स्कूल मंगल भवन में संचालित हो रही है। यहां नए सत्र में 40 बच्चे अध्ययनरत है, जहां प्रधान पाठक सहित 2 शिक्षक पदस्थ हैं। स्कूल में भवन, बाऊंड्रीवॉल, खेल मैदान, पेयजल, बिजली, शौचालय, किचन शेड एवं बैठक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है। स्थिति यह है कि यहां एक ही कमरे में पांच कक्षाएं संचालित हो रही हैं। शिक्षक जब एक कक्षा को पढ़ाता है तो दूसरे कक्षा के छात्र-छात्राएं शिक्षक को देखते रहते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चो का शैक्षणिक विकास कैसे होगा, यह चिंतनीय विषय है। स्कूलों में मूलभूत समस्याएं विद्यमान हैं, लेकिन अधिकारी वहां झांकने तक नहीं जाते। इस संदर्भ में प्रधान पाठक शिवकुमार सोनवानी ने बताया कि संस्था में भवन सहित अन्य समस्याओं के संदर्भ में उच्च अधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसी तरह आदर्श ग्राम पंचायत केशलीकला के आश्रित ग्राम लालपुर की प्राथमिक शाला भी भवन विहीन हा एवं यहां शौचालय, बिजली, अहाता, किचन शेड एवं रोड की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक शाला भुरका में बाउंड्रीवाल नहीं है, शौचालय जर्जर है एवं पेयजल व्यवस्था भी सुदृढ़ नहीं है। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला सेमरकोना में शौचालय नहीं हैएवं शासकीय प्राथमिक शाला गाड़ाघाट में बाउंड्रीवाल नहीं है। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला गोरखपुर एवं सिपाही में में बाउंड्रीवाल नहीं है एवं शौचालय जर्जर है, शासकीय प्राथमिक शाला पंडोतरा में पेयजल व्यवस्था नहीं है एवं शौचालय जर्जर है तथा बाउंड्रीवाल नहीं है। सेतगंगा संकुल परिक्षेत्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेतगंगा में पेयजल की गंभीर समस्या है एवं किचन शेड जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला सनकपाट में किचन शेड जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला सारंगपुर में पेयजल की समस्या, किचन शेड जर्जर है। ग्राम पंचायत विचारपुर में शाला भवन जर्जर हो गया है, जिसकी जानकारी शिक्षा विभाग के साथ-साथ सुशासन तिहार में भी दी गई, लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



एक ही कमरे में संचालित स्कूल।

## आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी जनदर्शन में की गई शिकायत



जनदर्शन में शिक्षकों की मांग करते पालक।

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जरहागांव में शिक्षकों की कमी से नाराज पालकों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को जनदर्शन कार्यक्रम में प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई।

बच्चे स्कूल ड्रेस में अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी व्यथा रखी। पालकों ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है, लेकिन विद्यालय में अब तक स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई लगभग ठप हो चुकी है और उनका शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। विद्यालय में पिछले दो वर्षों से बिना वेतन सेवा दे रहीं शिक्षिका कौशल्या मोहले ने जनदर्शन में बताया कि उन्हें अब तक किसी भी प्रकार का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में उन्होंने निरंतर शिक्षण कार्य जारी रखा है, लेकिन अब विद्यालय में शिक्षकों और मूलभूत सुविधाओं की तत्काल जरूरत है। नगर पंचायत पार्षद धीर सिंह बंजारे ने बताया कि स्कूल की शुरुआत से ही शिक्षक पद रिक्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण पालक बच्चों बच्चों का ट्रांसफर सर्टिफिकेट टीसी निकालने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 240 छात्र थे, जो घटकर अब केवल 65-70 रह गए हैं। जनप्रतिनिधियों और पालकों ने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग को कई बार इस विषय में अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो विद्यालय खाली हो जाएगा और आत्मानंद योजना का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

■ अपने अभिभावकों के साथ स्कूल ड्रेस में पहुंचे बच्चे

## प्रशासनिक अफसरों के बीच कार्य विभाजन

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्यबंटन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी को भू-अर्जन एवं भू-बंटन शाखा, भू-अभिलेख, चकबंदी एवं बंदोबस्त एवं खरीफ एवं रबी फसल कार्यक्रम, रीडर टू कलेक्टर, खाद्य शाखा, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन संघ, सहकारिता, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, खाद्य विभाग अंतर्गत जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के समस्त प्रकरण, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, परिसीमापक केन्द्रीय सहकारी बैंक का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों की जिम्मेदारी भी दी गई है। अपर कलेक्टर मेनका प्रधान को सहायक अधीक्षक (सा)/सहायक अधीक्षक (रा) शाखा, जनसूचना अधिकारी एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत स्वतः प्रेरित सूचनाओं के प्रकटीकरण हेतु उत्तरदायी अधिकारी, समय-सीमा बैठक, कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा, कलेक्टर द्वारा अंकित महत्वपूर्ण पत्रों की समीक्षा, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रभारी अधिकारी, राहत, आपदा, पुनर्वास, जनशिकायत निवारण, शिकायत शाखा, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीपोर्टल, अतिविशिष्ट व्यक्तियों से प्राप्त पत्रों का अंतिम निराकरण, पेपर कटिंग पर कार्रवाई, जनसंपर्क अनुदान शाखा, स्वेच्छानुदान शाखा, आर्थिक सहायता कोष, मुख्यमंत्री सहायता कोष, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना संबंधी एवं संजीवनी कोष के प्रकरणों में आवेदनों पर हस्ताक्षर, 20 सूत्रीय कार्यक्रम शाखा, अल्पसंख्यक शाखा, आवक-जावक शाखा, लोक निर्माण विभाग लोक निर्माण विभाग , राष्ट्रीय राजमार्ग के योजना एवं भू-अर्जन से संबंधित कार्य, अंत्यावसायी, अल्प बचत शाखा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, नागरिकता एवं पासपोर्ट, भू-दान एवं यज्ञ मंडल का प्रभारी अधिकारी के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तथा अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

### बिना सूचना शाला से उनुपस्थित सहायक शिक्षक बर्खास्त

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने विखं मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला चकरभाठा में पदस्थ सहायक शिक्षक पंचायत रितेश अग्रवाल को लंबे समय तक बिना सूचना के शाला से अनुपस्थित रहने के कारण सेवा से बर्खास्त किया है। यह निर्णय सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में विभागीय जांच रिपोर्ट और गवाही के आधार पर लिया गया। श्री अग्रवाल 13 सितंबर 2013 से लगातार अनियमित रूप से अनुपस्थित पाए गए। उनके खिलाफ जनपद पंचायत मुंगेली द्वारा विभागीय जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि वह नियुक्ति के बाद से ही समय-समय पर अनुपस्थित रहते थे। तीन बार सुनवाई के अवसर दिए जाने के बावजूद वे संतोषजनक उत्तर और उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके। बीईओ और बीआरसी समन्वयक की ओर से प्रस्तुत गवाहियों और विद्यालय की उपस्थिति पंजिका से यह पुष्टि हुई कि रितेश अग्रवाल छात्रों की पढ़ाई से लगातार दूरी बनाए हुए थे, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हुआ और विद्यार्थियों की शैक्षणिक कार्य प्रभावित हुआ। उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत कार्रवाई करते हुए सामान्य प्रशासन समिति की अनुशंसा पर रितेश अग्रवाल को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है।

## वनांचल भ्रमण के दौरान कलेक्टर एसपी ने पिया नलकूप का पानी



**लोरमी।** अचानकमार के दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए अब स्वच्छ पेयजल सपना नहीं रहा। जिला प्रशासन की पहल से जल जीवन मिशन अंतर्गत इन दुर्गम इलाकों में बोर खनन कर स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। जल की यह उपलब्धता केवल संसाधन नहीं, बल्कि इन गांवों के जीवन में उम्मीद और बदलाव का प्रतीक बन चुकी है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं एसपी भोजराम पटेल अचानकमार क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सुदूर गांव बम्हनी पहुंचे और वहां बोरिंग से निकल रहे पानी को पिया। दोनों अधिकारियों ने पानी पीकर न केवल इसकी गुणवत्ता को परखा, बल्कि ग्रामीणों की प्यास बुझाने की इस कोशिश में अपनी सहभागिता भी दर्शाई। यह दृश्य न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि विकास की रोशनी अब वनों की गहराइयों तक पहुंच रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहले उन्हें कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही शुद्ध पानी मिल रहा है। इससे उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। प्रशासन की यह पहल न केवल बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासन अब दूरस्थ अंचलों में गांव-गरीब की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता दे रहा है।

## इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल में शाला संसद का गठन




**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल में शाला संसद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुदीप वर्मा ने सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर उन्हें शपथ दिलाई कि वे विद्यालय के नियमों का पालन करेंगे तथा अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में गोपाल तिवारी, लाजेश्वरी बिसेन, ज्योति कपासी, मिथिलेश कश्यप, नीलम राय सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस आयोजन के अंतर्गत सभी कक्षाओं में चयनित क्लास कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को विशेष बैज प्रदान किए गए, जिससे उनमें नेतृत्व की भावना का विकास हो और वे अपने साथियों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र जीवन में उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायी पहल बताया।

### गौ तस्करी में प्रयुक्त वाहन राजसात, होगी नीलामी

**मुंगेली।** जिले में गौवंश तस्करी के गंभीर मामले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को राजसात किया गया है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के प्रतिवेदन के अनुसार 1 सितंबर 2024 को थाना कोतवाली अंतर्गत सीजी 04 जेडी 7825 नंबर के एक ट्रक में 9 नग गाय व 4 बछड़ों का क्रूरतापूर्वक परिवहन करते पकड़ा गया था। इसमें से एक गाय की मौत हो गई थी। मामले में देवराज भोई नामक आरोपी द्वारा मवेशियों को बूचड़खाने ले जाने की पुष्टि हुई। प्रकरण की विस्तृत विवेचना में खुलासा हुआ कि आरोपी देवराज भोर्या और अन्य सहयोगियों ने पशुओं को रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरा था। इस कृत्य से पशुओं को गम्भीर चोटें आईं और उनकी जान को खतरा उत्पन्न हुआ।

## डायरिया से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया जा रहा जागरुक

**भर्रीडांड़।** बरसात के मौसम में डायरिया की संभावना को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने एवं डायरिया की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से स्टॉप डायरिया अभियान के तहत 'स्वच्छ गांव, शुद्ध जल, बेहतर कल' की थीम पर जल जीवन मिशन के समन्वयक चंचल सिंह, ललिता वर्मा, अमित राठौर एवं अंकित तिवारी द्वारा डायरिया की रोकथाम के लिए जिले के हर गांव में अभियान चलाकर ग्रामीणों को इस बीमारी से बचाव के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। स्वच्छ एवं शुद्ध जल का उपयोग करने, पानी को छानकर एवं उबाल कर उपयोग करने, सब्जियों व फलों को धोकर उपयोग में लाने, अपने घरों एवं पेयजल स्त्रोतों के आस-पास सफाई रखने, बरसात का पानी इकट्ठा नहीं होने देने, शौच से आने के बाद हाथों को अच्छी तरह से धोने, खुले में शौच नहीं करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही फील्ड टेस्ट किट के द्वारा पानी का परीक्षण कर जल वाहिनी, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण हेतु प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।






## बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे की हालत जर्जर

# मुख्य मार्ग की बदहाली को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मुख्य मार्ग की जर्जर हालत की खबर हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशन के बाद विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया है। कांग्रेस पार्टी 11 जुलाई को मुख्य मार्ग को दुरूस्त करने की मांग को लेकर लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी।

बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे पर स्थित तखतपुर मुंगेली मार्ग काफी जर्जर हो गया है, सड़के पर बने गढ्ढों में पानी भरे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय राहगीरों को गढ्ढों का अनुमान नहीं होता और वे हादसे का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ई-रिक्शा, सिलेंडर से भरा आटो के पलटने, मुख्य मार्ग पर वेन के फंसने सहित दुपहिया वाहन चालकों के गिरने के वीडियो और फोटो भी जमकर सोशल मिडिया में वायरल हुए। सड़क की इस जर्जर हालत को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से 11 जुलाई को सुबह 11 बजे मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान नगर में हो रही विद्युत कटौती, जर्जर मुख्य मार्गों के कारण हो रही दूर्घटनाओं को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली, पानी, सड़क और किसानों को खाद उपलब्ध कराने में असफल हो गई है। जनता 18 महीनों में ही इस सरकार से ऊब गई है। मैनपाट में भाजपा के नेताओं को यह कहना पड़ गया कि फोटो खिंचवाने और छपवाने से विकास नहीं होता, उन्हें जनता के बीच जाना पड़ेगा।



### ग्राम पुरा की स्थिति दूर्भाग्यपूर्ण

पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि ग्राम पंचायत पुरा में बारिश हो जाने के कारण दूसरे दिन अंतिम संस्कार होने की जानकारी हरिभूमि से प्राप्त हुई है, यह दूर्भाग्यपूर्ण है। सरकार जहां जीवित लोगों के लिए सड़क, पानी, बिजली, खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं मरने के बाद भी दाह संस्कार के लिए एक सुव्यवस्थित व्यवस्था देने में विफल है। कांग्रेस इसके लिए जन आंदोलन करेगी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर हालत को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 कोदवामहंत अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर हालत को लेकर जनपद सदस्य रानी दीदी देवा मार्को एवं संबंधित पंचायतों के सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत लपटी एवं रहंगी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की छतों से पानी बरसात में टपक रहा हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई और केंद्र में बैठने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर भवनों में ग्राम पंचायत लपटी, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 एवं 3, ग्राम पंचायत रहंगी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 शामिल हैं। लपटी की सरपंच सुशीला किरीत यादव और रहंगी की सरपंच सुखमनी भगवान सिंह पोर्तो ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन भवनों की मरम्मत की जाए। देवा मार्को ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों ही अत्यंत आवश्यक है। जर्जर भवन बच्चों के लिए खतरा बन सकते हैं, इसलिए प्रशासन को संरचनात्मक सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से जिले भर के सभी जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों का सर्वे कराकर त्वरित मरम्मत या पुनर्निर्माण की योजना बनाने का आग्रह किया। वहीं ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस जनदर्शन के माध्यम से उठे मुद्दे पर उन्हें विश्वास है कि प्रशासन शीघ्र पहल करेगा और बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गर्ल राइजिंग समर्पित द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बिलासपुर।** गर्ल राइजिंग दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया, जिसका उद्देश्य किशोरों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और 21वीं सदी के कौशल का विकास करना है। 8 और 9 जुलाई को आयोजित इस प्रशिक्षण में 35 शिक्षकों को तैयार किया गया, ताकि वे एक परिवर्तनकारी पाठ्यक्रम को कक्षा में प्रभावी रूप से लागू कर सकें, जिसमें सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा, लैंगिक समानता और डिजिटल साक्षरता को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण उन समुदायों में आयोजित किया गया, जहाँ शैक्षिक असमानता गहरी है। राइज शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित करता है कि वे छात्रों, खासकर बालिकाओं, को किशोरावस्था की चुनौतियों का सामना करने, शिक्षा में आनेवाली बाधाओं को पार करने और बेहतर भविष्य की तैयारी करने में सहयोग कर सकें। आने वाले एक साल में, ये प्रशिक्षित शिक्षक 2000 से अधिक छात्रों तक पहुँचेंगे और उनमें तार्किक सोच, संवाद कौशल, डिजिटल आत्मविश्वास, आत्म-चेतना तथा जीवन के उद्देश्य की भावना को मजबूत करेंगे। यह प्रशिक्षण में अध्यक्ष निधि शुक्ला, ग्लोबल प्रोग्राम डायरेक्टर ऋचा हिंगोरानी, प्रोग्राम मैनेजर अपूर्वा वूरीटी, जिला समन्वयक शंकर सौरभ के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

### मानस मर्मज्ञ आचार्य विनयकांत का 19 को नगर आगमन



**बिलासपुर।** श्रीधाम वृंदावनवासी, मानस मर्मज्ञ, प्रख्यात भजन गायक व कथाकार आचार्य विनयकांत महाराज का जमशेदपुर में शिवकथा पाठ करने जाते हुए 19 जुलाई की सुबह उत्कल एक्सप्रेस बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आत्मीय स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं से आग्रह किया हैं कि महाराजश्री का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद व कृपा प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

### तारबाहर में गंदा पानी सप्लाई डायरिया से कई लोग बीमार

**बिलासपुर।** तारबाहर वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में दूषित पानी से कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। यहां डायरिया से पीड़ित परिवारों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। निगम प्रशासन दो दिनों से पाइपलाइन में लीकेज खोज रहा है। कांग्रेस पार्षद शेख असलम ने ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उनके वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में अमृत मिशन के पाइप लाइन से गंदा पानी लोगों के घर में पहुंच रहा है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। पार्षद शेख असलम के द्वारा गंदा पानी की शिकायत किए जाने पर निगम के कर्मचारी यहां पहुंचे हैं और पाइप लाइन में लिकेज को खोज रहे हैं 2 दिन से निगम के कर्मचारी अमृत मिशन के पाइप लाइन की मरम्मत नहीं कर सके। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा है कि गर्मी के दिनों में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था वहीं दूसरी ओर बारिश में शहर के कई वार्डों में दूषित पानी सप्लाई होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। तार बाहर वार्ड क्रमांक 29 में अमृत मिशन का गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत थी और बारिश में गंदा पानी सप्लाई जा रहा है लोगों घरों में। आखिर निगम के अधिकारी और महापौर कर क्या रहे हैं शहर बदहाल है, उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की है कि अमृत मिशन के गंदा पानी को सप्लाई को तत्काल रोका जाए तथा शुद्ध पेयजल लोगों के घर में पहुंचे और डायरिया से प्रभावित परिवारों का तत्काल इलाज किया जाए और तार बाहर में राहत शिविर लगाया जाए।

### संरक्षा पर विशेष निगरानी कर रहे हैं रेलवे के अफसर और स्टाफ

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान भी सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु पेट्रोलिंग के साथ विशेष निगरानी एवं सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। रेल प्रशासन मानसून के दौरान गाड़ियों के पहिये को चलायमन रखने और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी सेक्शनों के कटिंग के अंदर वाली रेलवे ट्रैक वाले स्थानों पर साइड ड्रेन एवं कैच वाटर ड्रेन की विशेष सफाई के साथ ही नियमित सफाई कर रही है, जिससे पानी सुरक्षित ट्रैक से बाहर निकल जाए। पूरे मंडल में पूर्व घटनाओं के आधार पर असुरक्षित स्थानों की पहचान कर 15 स्थानों पर स्टेशनरी पेट्रोलिंग एवं 29 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग द्वारा 24 घंटे ट्रैक की निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु चिन्हांकित स्टेशनों पर मानसून रिजर्व भारी मात्रा में रेल वैगन पर लोड करके रखा गया है, जिससे कि असामान्य स्थिति में ट्रैक को सामान्य यातायात के लिए दुरुस्त किया जा सके। मंडल के 18 चिन्हित रेलवे अंडरपास में जल भराव की निगरानी हेतु कर्मचारी तैनात किये गए हैं, जिनके द्वारा 24 घंटे नियमित रूप से पानी के लेवल की निगरानी की जा रही है। जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही पंपिंग सेट आदि उपकरणों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत जल निकासी की जा सके। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल/स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं। तूफान के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने/छंटाई/काटने का कार्य भी किया गया है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन/यार्ड में क्रॉस और अनुदैर्ध्य नालियों की व्यवस्था की गई है।

## पॉलिटिक्स प्लस

### खड़गे ने ली बैठक, शामिल हुए शहर के कांग्रेसी



**बिलासपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायपुर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय स्थित राजीव भवन मे बैठक की अध्यक्षता की। इसमें आगामी रणनीति और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर बिलासपुर से कई कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे, जिनमें आलोक सिंह, देवेंद्र सिंह उर्फ बाटू, विनय शुक्ला, आत्मजीत सिंह मक्कड़, समीर अहमद बब्ला शामिल रहे।

---

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किए जाएंगे बच्चे** | श्रम विभाग की निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के लिए ऑनलाईन करना होगा आवेदन

# फ्री कोचिंग लेकर अफसर बन सकेंगे कम आय वर्ग के लोगों के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग फ्री में लेकर अब मजदूर के प्रतिभावान बच्चे भी विभिन्न विभागों में अफसर बन सकेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा श्रम विभाग के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता नामक योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत पात्र बच्चों को प्रदेश की परीक्षा एजेंसियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने हेतु कोचिंग देकर तैयार किया जाएगा।

श्रमिक के प्रतिभावान बच्चों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कोचिंग के माध्यम से मार्गदर्शन मिल सकेगा। इसके लिए श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत बच्चों को पीएससी, व्यापमं, एसएससी, बैंकिंग व रेल्वे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। इसके तहत बच्चों को उड़ान योजना के अंतर्गत शहर में संचालित कोचिंग संस्थान से मार्गदर्शन दिया जाएगा। कोचिंग की अवधि पाठ्यक्रम के आधार पर छह से दस महीने तक की हो सकती है। कोचिंग का लाभ लेने के लिए छात्रों को श्रम विभाग के पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करना होगा। इसकी पात्रता की शर्तों में माता या पिता को निर्माण श्रमिक के रूप में विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके साथ ही जिस परीक्षा की तैयारी बच्चे को करनी है, उसके लिए तय न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित के पास होनी चाहिए। शासन द्वारा जिले को इस साल के लिए 8 सौ छात्रों को कोचिंग प्रदान करने का टारगेट दिया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 150 बच्चों ने आवेदन कर लिया है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने की कोई तिथि निर्धारित नहीं है। परीक्षा एजेंसियों द्वारा समय-समय पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापनों के बाद बच्चे कोचिंग के लिए विभाग में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सिर्फ एक बार मिलेगा मौका

जिन बच्चों ने इस योजना के अंतर्गत एक बार कोचिंग प्राप्त कर ली है, उन्हें हर हाल में उस अवधि में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पानी होगी। किसी कारणवश वे सफल नहीं हुए तो भविष्य में वे प्रतियोगी परीक्षाओं की स्वयं तैयारी कर परीक्षा में शामिल तो हो सकेंगे, लेकिन निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने के लिए अपात्र कर दिए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत एक छात्र को केवल एक बार कोचिंग देने का प्रावधान रखा गया है।

### मिला है टारगेट

निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें बच्चों को सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जाएगी। शासन से इस साल के लिए 8 सौ बच्चों को कोचिंग देने का टारगेट मिला है, जिसके अंतर्गत 150 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

**-ज्योति शर्मा,** सहायक श्रमायुक्त

---

पांच साल पुराना प्रोजेक्ट, राशि के अभाव में रुका था निर्माण

# पचरीघाट बैराज निर्माण को मिलेगी गति, मिली 64 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पचरीघाट बैराज के निर्माण के लिए शासन द्वारा 64 करोड़ 75 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। राशि के अभाव के कारण इसका निर्माण रुका था। अब इसके निर्माण को गति मिल सकेगी। बैराज में फिलहाल गेट, वियरिंग कोट एवं एप्रोच रोड जैसे काम शेष हैं।

अरपा नदी पर शहर के पचरीघाट में बनाए जा रहे बैराज के निर्माण को अब गति मिल सकेगी। शासन द्वारा इसके लिए 64. 75 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। विभाग के अनुसार बैराज का निर्माण लगभग अस्सी प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष बचे कार्यों में बैराज के गेट का काम मुख्य है, जिसे सकरी डिवीजन द्वारा पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य में करीब तीन से चार करोड़ की लागत आने की संभावना है। इसी तरह कुछ कार्य सिविल से संबंधित भी शेष हैं, जिनमें प्रमुख रूप से प्रोटेक्शन वर्क, सीसी ब्लॉक, पिचिंग, वियरिंग कोट एवं एप्रोच रोड का निर्माण शामिल है, जिसकी कुल लागत बमुश्किल डेढ़ से दो करोड़ ही होगी। विभाग के अनुसार उक्त प्रशासकीय स्वीकृति एसओआर रेट के अनुसार बैराज की कुल लागत के लिए जारी की गई है। बैराज का टेंडर 16 प्रतिशत बिलो में गया था, जिससे कुल स्वीकृत प्रशासकीय राशि में से 16 प्रतिशत राशि घटकर वापस शासन के खाते में चली जाएगी।



पचरी घाट में निर्माणाधीन बैराज।



### जल्द पूरा होगा काम

बैराज निर्माण के लिए 64 75 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। बैराज का लगभग 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। गेट, एप्रोच रोड व वियरिंग कोट जैसे काम ही शेष हैं, जिसमें बमुश्किल छह से आठ करोड़ के आसपास ही लागत आएगी। बारिश के बीच मौका मिलते ही शेष कार्यों को जल्द से जल्द संपन्न कराने का प्रयास किया जाएगा।

**-मधु चंद्रा,** ईई खारंग डिवीजन

---



## ट्रैक मेंटेनर्स ने काली पट्टी बांधकर किया श्रम कानून का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोन के तीनों डिवीजन में टैक मेंटेनरों ने केन्द्र शासन के लागू किए गए नए श्रम कानून का विरोध काली पट्टी बांधकर किया है।

ट्रैकमेंटेनर एसोसिएशन बिलासपुर जोन के अध्यक्ष और राष्ट्रीय सहायक महामंत्री राजेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि केन्द्र सरकार का कर्मचारियों के ऊपर जबरन नया श्रम कानून लागू करने वाला है, जो कि कर्मचारियों के हित में नहीं है। इस कर्मचारी विरोधी श्रम कानून के विरोध में संयुक्त ट्रेड यूनियन (सी-2) के आह्वान पर ट्रैकमेंटेनर एसोसिएशन ने बिलासपुर जोन में विरोध दर्ज कराया है। नया श्रम कानून कर्मचारी विरोधी हैं। इसके विरोध में बिलासपुर जोन के ट्रैकमेंटेनेर कार्य करते हुए अपने बांह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया और सरकार तक संदेश दिया कि यह श्रम कानून उन्हें मंजूर नहीं है। राजेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि आने वाले समय में संयुक्त ट्रेड यूनियन एवं ऑल इंडिया रेलवे ट्रैकमेंटेनर यूनियन के आदेश पर इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

## श्रमिक संघ की हड़ताल का कोयला उत्पादन पर असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रमिक कानून के विरोध में श्रमिक संगठनों की हड़ताल के बावजूद एसईसीएल में कोयला उत्पादन पर किसी तरह का कोई असर नहीं पड़ा है। पूरे देश के साथ बिलासपुर में नए श्रमिक कानून के विरोध एसईसीएल में श्रमिक संगठनों ने हड़ताल की थी।

इस हड़ताल की वजह से कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रभाव पड़ा, लेकिन इससे कोयला उत्पादन और ओबीआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य संचालन अप्रभावित रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति पहली पाली में करीब 51 फीसदी और दूसरी पाली में 47 फीसदी रही। दूसरी पाली में कंपनी के 20 में से 19 खुली खदानें पूर्णतया या अंशतः प्रभावित रूप में कार्य करने लगी थी। दूसरी पाली में भूमिगत खदानों में लगभग एक तिहाई खदानें सामान्य वहीं एक तिहाई अंशतः प्रभावित रूप से कार्य कर रही थी। इस प्रकार दूसरी पाली में भी यूजी माइंस में उपस्थिति ओसी की तुलना में कम रही। जानकारी के अनुसार

पहली पाली में कंपनी ने 87,197 टन कोयले का उत्पादन किया, कि मंगलवार की पहली पाली के उत्पादन 85,419 से अधिक था। ओबीआर का निष्कासन 181970 मिलियन क्यूबिक मीटर रहा जो मंगलवार की पहली पाली के 1,32,433 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक है।

---

## जीएसटी राजस्व में योगदान के लिए एसईसीएल को मिला सम्मान



**बिलासपुर।** जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक वित्त डी सुनील कुमार एवं वित्त विभाग की टीम ने एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन से मुलाकात पुरस्कार सौंपा।

जीएसटी विभाग जबलपुर द्वारा जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को उत्कृष्ट करदाता के रूप में सम्मानित किया है। हाल ही में 8वें जीएसटी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान एसईसीएल द्वारा समयबद्ध कर भुगतान पारदर्शी कर प्रणाली के अनुपालन एवं राजस्व संवर्धन में निभाई गई सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया है। एसईसीएल ने वर्ष 2024–25 में कर रिटर्न समय पर दाखिल करने कर देयताओं का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने एवं सभी विधिक एवं नियामकीय दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सरकारी राजस्व को मजबूत आधार प्रदान किया। निदेशक वित्त डी सुनील कुमार की अगुआई में वित्त विभाग की टीम द्वारा बुधवार को एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन से शिष्टाचार भेंटकर एसईसीएल वित्त वर्ष 2024–25 में जीएसटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले अवार्ड को सौंपा। इस दौरान एसईसीएल के सीएमडी श्री दुहन ने वित्त विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देकर उनके परिश्रम, दक्षता तथा टीम भावना की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी संचालन सह यो/परि एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक एचआर बिरंची दास, सीडीएन सिंह, महाप्रबंधक वित्त आनंद बक्शी, उप-महाप्रबंधक आईए एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थान व मप्र की तर्ज पर बदले जाएंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**बिलासपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद कांग्रेस में बदलाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। खबर है कि प्रदेश में कांग्रेस के शहर व जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे और यह बदलावा गुजरात, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के तर्ज पर होगा और नए अध्यक्षों के लिए सर्वे कराया जाएगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ आए थे और रायपुर में उनका आमसभा हुआ। छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने यहां के कांग्रेस नेताओं की बैठक लिए थे, जिसमें उन्होंने एकजुट होकर काम करने की सीख दी। खबर तो यह भी है कि उन्होंने कड़े शब्दों में संगठन में बदलाव को लेकर जोर दिया है, इसलिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जाने के बाद यहां बदलावा को लेकर सुगबुगाहट चालू हो गई है। बताया तो यह भी जा रहा है कि सभी जिला एवं शहर अध्यक्ष बदले जाएंगे, जिन लोगों की बीच में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई थी, उनको भी बदले जाने की बात हो रही है। यह बदलाव गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के तर्ज होगी। गुजरात के अधिवेशन में कांग्रेस संगठन को निचले स्तर से मजबूत बनाने के लिए सृजन नाम से अभियान चलाने का निर्णय हुआ था। उसी के तहत गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसलिए कांग्रेस संगठन में बदलाव का इंतजार कर रहे नेताओं एवं पदाधिकारियों के मन में अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के बाद उम्मीद जागी है।

---

**सिम्स के डाक्टरों ने बड़ी मशक्कत से की सफल सर्जरी**

# 65 वर्षीय महिला के पेट से निकला गया 10 किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के पेट से 10 किलो वजनी ट्यूमर को बाहर निकालने का कार्य किया है। इस जटिल बीमारी की वजह से महिला को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सिम्स के डाक्टरों ने बड़ी मशक्कत के बाद सफल सर्जरी को अंजाम दिया है।



ऑपरेशन के बाद मरीज के साथ डॉक्टरों की टीम।

जानकारी के अनुसार कबीरधाम निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मी चौहान पिछले दो साल से पेट में सूजन और शारीरिक परेशानियों से जूझ रही थीं। उन्होंने सिम्स में पहुंचकर ओपीडी में डाक्टरों से चेकअप कराया। इस दौरान उनकी जांच डॉ. नेहा सिंह ने की। उन्होंने पाया कि महिला को पिछले 10 दिनों से उल्टियां और मल- मूत्र त्यागने में असमर्थता हो रही है। मरीज की समस्या को देखते हुए तत्काल भर्ती की प्रक्रिया कर बल्ड और यूरिन की जांच के साथ सोनोग्राफी जांच की गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पेट में एक बड़ा ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। डॉ. नेहा सिंह ने विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता रमन जोगी को अवगत कराया। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. लखन सिंह एवं अधिष्ठाता डॉ. रामनेश मूर्ति से ऑपरेशन की सहमति लेकर सर्जरी की गई।

### विशेषज्ञों की बनाई गई टीम

सिम्स प्रबंधन ने जटिल सर्जरी के लिए विशेषज्ञों टीम बनाई। डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. रचना जैन, डॉ. अंजू गढ़वाल एवं निश्चेतना विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. श्वेता, डॉ. प्राची, डॉ. आकांक्षा एवं नर्सिंग स्टाफ के द्वारा मरीज के पेट से 10 किलो 660 ग्राम वजनी ट्यूमर निकाला गया। सर्जरी के बाद से मरीज पूरी तरह से ठीक हो रही हैं।

---

## अमरकंटक एक्सप्रेस में जहरखुरानी का आरोपी चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने अमरकंटक एक्सप्रेस में जहरखुरानी करने वाले आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से यात्रियों से चोरी किए गए लाखों के जेवरात व अन्य सामान को जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल की टीम समय-समय पर ट्रेनों में सफर करने वाले और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की सुरक्षा के लिए अनाउंसमेंट के जरिए सतर्क करने का कार्य करते हैं। कई बार ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अपने साथ कीमती सामान रखते हैं। चलती ट्रेन में आरोपी ऐसे यात्रियों से संपर्क स्थापित कर खाने-पीने का सामान देकर जहरखुरानी करने के बाद उनके सामानों को पार कर देते हैं। इस तरह की घटनाएं लगातार ट्रेनों में होती है। आरपीएफ को 12854 भोपाल से दुर्ग के बीच चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस में एक महिला यात्री गीता बाई रजक से 4 जुलाई को शिकायत मिली थी।गीता बाई रजक अपने परिजन के साथ भोपाल से उसलापुर तक सफर कर रही थी। इस दौरान उसके साथ जहरखुरानी की गई। महिला की शिकायत पर बिलासपुर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 123, 305 सी बीएनएस दर्ज किया था। जांच के दौरान आरपीएफ की टीम ने महिला के परिजन को आरोपियों की फोटो एल्बम दिखाई गई, जिसमें परिजन ने एक पुराने आरोपी राजेश अरोरा की पहचान की। बिलासपुर जीआरपी ने मामले को शहडोल जीआरपी में ट्रांसफर कर दिया, जहां मामला कायम करने के बाद आरपीएफ के साथ एक संयुक्त टीम बनाकर आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी गई। इस दौरान सूचना और मोबाइल लोकेशन में पाया गया कि आरोपी राजेश अरोरा 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस में सफर कर रहा है, जिसे रेलवे स्टेशन में एंबुश कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी उत्तरप्रदेश गाजियाबाद निवासी राजेश अरोरा पिता रामबहादुर अरोरा 56 साल ने जहरखुरानी करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से लाखों के जेवरात सहित जहरखुरानी के लिए उपयोग की जाने वाली नशीली दवाई जब्त कीगई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर खराब, एक सप्ताह से अंधेरे में लोग

**मोपका।** समीपस्थ ग्राम नगोई में पिछले चार-पांच दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से आवास पारा में अंधेरा छाया हुआ है, जिससे लोगों को पानी, बिजली सहित अन्य मूलभूत आवश्कताओं के लिए जूझना पड़ रहा है। आवास पारा के लोग दूर-दूर जाकर पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं और अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कराया गया, लेकिन अभी तक वहां ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं की गई। लोग दूर-दूर से पेयजल की व्यवस्था करने को विविश हैं, साथ ही बरसात का मौसम होने की वजह से अंधेरे में जहरीले जीव-जंतु का खरता भी बढ़ गया है। ऐसे में लोगों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

## निधन

### चांद बाबू तारण



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता चांद बाबू तारण (सिरोज वाले) का 9 जुलाई की सुबह 6 बजे देहावसान हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 10 जुलाई की सुबह 10:30 बजे निज निवास नर्मदा नगर H1-63 से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे अभीष जैन, जेसे एडवर्टाइजर्स की संचालक जूही जैन के पिता थे।

### रघुवीर प्रसाद वर्मा



**बिलासपुर।** चकरभाठा बोदरी निवासी सेवानिवृत्त हेडमास्टर रघुवीर प्रसाद वर्मा का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई को किया गया। वे संजय कुमार वर्मा के पिता थे।

### शिरीष खानखोजे



**बिलासपुर।** नेहरू नगर ओम गार्डन निवासी शिरीष खानखोजे का 61 वर्ष की आयु में 9 जुलाई की शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 जुलाई की सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### भगवती सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** ग्राम उमरिया निवासी भगवती सिंह ठाकुर का 8 जुलाई को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अमर सिंह, धरम सिंह की मां एवं धनजंय सिंह, गोपेन्द्र सिंह, मनीष सिंह की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम उमरिया में 8 जुलाई को किया गया।

### आनंद कुमार थावरानी



**बिलासपुर।** पारिजात कालोनी नेहरुनगर निवासी आनंद थावरानी का निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम में 10 जुलाई को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे स्व. आयल दास थावरानी के पुत्र, किशन थावरानी के भाई, विनय थावरानी के पिता एवं अमित, सुमित के चाचा थे।

## विधायक अटल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# मेड्रापारा में नपा कार्यालय खोले जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर की हृदयस्थली महामाया चौक पर नगर पालिका परिषद कार्यालय स्थित है, जिसको हटाकर नगर को अंतिम छोर मेड्रापारा वार्ड में शिफ्ट करने की योजना का नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया है। उन्होंने मांग की है कि नवीन कार्यालय भवन का निर्माण पुराने भवन परिसर में ही किया जाए, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने रतनपुर के जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियो के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद रतनपुर के नवीन कार्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है एवं निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रगति पर है। किंतु प्रस्तावित स्थल मेड्रापारा रतनपुर के अंतिम वार्ड में स्थित है, जो कोटा-रतनपुर मुख्य मार्ग पर पड़ता है। यह स्थान नगर के मुख्य क्षेत्र से काफी दूर है, जिससे आम नागरिकों को कार्यालय तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्तमान भवन के ठीक पीछे रिक्त भूमि पर नवीन कार्यालय भवन का निर्माण संभव है, और इसके लिए पुराने भवन को तोड़ने की आवश्यकता नहीं है। महामाया चौक नगर का केंद्रीय और सुगम स्थल है, जहां से नागरिक आसानी से पहुंच सकते हैं। इसीलिए, नवीन भवन भी इसी स्थान पर बनाया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा बनी रहे। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, मदन कहर, पार्षद रामफल श्रीवास, पार्षद पुष्पकांत कश्यप, पार्षद प्रतिनिधि संतोष सोनी, राजू श्रीवास, रियाज खोखर, सीतल जायसवाल, सुनील अग्रवाल, जनार्दन भोसले, अभिषेक मिश्रा, राजा रवि रावत आदि उपस्थित रहे।

सभी ने सामूहिक रूप से प्रशासन से अपील की आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद रतनपुर का नवीन कार्यालय भवन वर्तमान कार्यालय भवन के पीछे की खाली जमीन पर ही बनाया जाए। यह निर्णय न केवल व्यावहारिक होगा बल्कि नगर के विकास में नागरिक सहभागिता और प्रशासन के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगा।



विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ ज्ञापन सौंपने पहुंचे नागरिक।





# स्थापना दिवस पर पंचायत सचिवों को किया गया सम्मानित

**सकरी।** पंचायत सचिव स्थापना दिवस पर परसदा स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार मौजूद रहीं एवं अध्यक्षता पूर्व जिपं सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अध्यक्ष सरपंच संघ श्यामसुंदर कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी खांडे, जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी, सतीश वर्मा वरिष्ठ एजीपीओ, रंजीत लकड़ा एजीपीओ, राजकुमार टंडन, महेश पंद्राम एजीपीओ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जपं अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि पंचायत सचिव का कार्य शासन की योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाना होता है एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए गांव के विकास की जिम्मेदारी निभानी होती है। संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि सरपंच और सचिव ग्रामीण विकास की प्रथम ईकाई हैं, विभिन्न शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन दोनों के द्वारा किया जाता है। उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि सचिव पंचायती राज में रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करते हैं। जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था और गांव का बुनियादी ढांचा खड़ा करने में सचिवों की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने पर पंचायत सचिव ईश्वर सिंह क्षत्रिय का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जपं सदस्य ऋषभ कश्यप, सावित्री बलराम श्रीवास, अरुण सिंह चौहान, जया जलेश्वर साहू, मनहरण कौशिक, अनिल टंडे, सरपंच बलराम पटेल, मुंजन साहू, बसंत गढ़ेवाल, सचिव रामलाल सिंगरौल, हर प्रसाद भास्कर, अशोक कौशिक, संतोष साहू, राधे चतुर्वेदी, वीरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, देवदास मानिकपुरी, डॉ मनमोहन साहब टंडन, जितेंद्र कुमार साहू, मुकेश वर्मा, अश्वनी लहरे, धर्मेंद्र सिंगरोल, ईश्वर प्रसाद कौशिक, कृष्ण कुमार कौशिक, नाथूराम सिंगरोल, अनुज सिंगरोल, महेंद्र कौशिक, संतोष कौशिक, अनवर अली आदि मौजूद थे।

■ सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को दी गई विदाई

# महाविद्यालय की भूमि पर सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग

**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत द्वारा आम नागरिकों, विद्यार्थियों और राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पंचायत सरपंच मनीषा वंशकार ने मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय के प्राचार्य को एक औपचारिक पत्र सौंपते हुए सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए महाविद्यालय की अनुपयोगी शासकीय भूमि का एक छोटा हिस्सा आबंटित करने का अनुरोध किया है।

यह प्रस्ताव ग्राम पंचायत की ओर से इसलिए दिया गया है, क्योंकि एनटीपीसी क्षेत्र सहित आसपास के इलाके में सार्वजनिक शौचालय की भारी कमी है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि महाविद्यालय के अंतर्गत खसरा नंबर 972 की कुल 9.9950 हेक्टेयर भूमि में से केवल 35×35 वर्ग फीट क्षेत्र शौचालय निर्माण हेतु आबंटित किया जाए, ताकि बड़ी संख्या में लोगों को स्वच्छता संबंधी राहत मिलेगी। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने प्राचार्य से इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त कर इसे उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को अग्रेषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने इसे एक सार्वजनिक हित की पहल बताते हुए कहा कि यह प्रयास क्षेत्र में स्वास्थ्य, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा।



सरपंच ने कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा प्रस्ताव

### क्या है मांग का मुख्य उद्देश्य

क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की गंभीर कमी की वजह से राहगीरों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को हो रही असुविधा को देखते हुए महाविद्यालय की अनुपयोगी भूमि का जनहित में बेहतर उपयोग करना का यह कदम ग्राम पंचायत सीपत की ओर से स्वच्छता मिशन और नागरिक सुविधा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है। अब देखना यह है कि महाविद्यालय प्रशासन और शासन स्तर पर इस पर कितनी त्वरित प्रतिक्रिया मिलती है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के की लिए आवेदन 21 तक

**तखतपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत तखतपुर के वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा सीधे एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर से प्राप्त की जा सकती है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मल्हार।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जोंधरा रामायण चौक निवासी राम लाल यादव की पिछले वर्ष ही गायत्री यादव उम्र 22 वर्ष से शादी हुई थी। बताया गया कि मंगलवार शाम लगभग 7 बजे के आसपास गायत्री किसी बात को लेकर नाराज हो गई और अपने कमरे में जाकर अन्दर से दरवाजा को बंद कर सो गई। बुधवार सुबह 5 बजे जब घरवाले गायत्री को उठाने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इस पर परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि गायत्री पंखा लगाने वाली कुंडी में साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी हुई थी। परिजनों ने दरवाजा को तोड़ कर गायत्री को नीचे उतारा तब तक गायत्री की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पचपेड़ी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई।



### ट्रेलर और ट्रक में आमने सामने की टक्कर

**मल्हार।** ट्रेलर और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें वाहनों के ड्राइवर बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं वाहन को हटाने के बाद रास्ता बहाल किया गया। दरअसल मल्हार शराब दुकान के आगे लदहा तालाब के पास मोड पर बुधवार की सुबह 7 बजे के आसपास पचपेड़ी की ओर से मल्हार आ रही ट्रक सीजी 16 सीजे 8739 और मस्तूरी से पचपेड़ी की ओर जा रही ट्रेलर सीजी 12 एस 8191 के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ एवं दोनों वाहनों के ड्राइवर सुरक्षित रहे। दुर्घटना के बाद सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं सड़क पर फंसे वाहनों को हटाया गया, तब जाकर रास्ता बहाल हो पाया। वहीं हादसे के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर मौके से भाग खड़े हुए।

### जिला अस्पताल में बची गंभीर रुप से बीमार बच्चे की जान

**कोरबा।** ग्राम जल्के से एक परिजन अपने 6 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दाखिल कराया गया था। बच्चा उस वक्त कोमा में था,धड़कन व नब्ज कमजोर थी, साँस की तकलीफ थी। बच्चे के फेफड़े में इंडोट्रैकियल ट्यूब लगी हुई थी, उसे अंबु बैग के द्वारा साँस देते हुए लाया गया था तथा धड़कन को बनाए रखने वाली आयनोट्रॉप जैसी दवाइयां पहले से चल रही थी। किडनी भी कमजोर हो चुकी थी,पेशाब में थोड़ा खून भी आने लगा था। जिला अस्पताल पहुंचते ही मरीज को पीडियाट्रिक विभाग के डॉक्टर्स की टीम द्वारा इमरजेंसी वार्ड में ही तुरंत इलाज शुरू किया गया और वेंटिलेटर के सहारे उसकी जान बचाई। बच्चे के पिता ने बताया कि तीन-चार दिन के तेज बुखार और उल्टी की समस्या के बाद अचानक से बच्चा सुस्त पड़ गया था।

# लावारिस हालत में मिला नवजात, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

ग्राम पाली में बुधवार तड़के सुबह एक सात माह का नवजात शिशु लावारिस हालत में मिला। बच्चे की रोने की आवाज सुन कर आसपास के लोग वहां पहुंचे और जूनापारा पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर नवजात को बरामद किया।

जूनापारा चौकी प्रभारी संजीव सिंह से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 9 जुलाई की सुबह 5 बजे कोटा-लोरमी मार्ग पर स्थित ग्राम पाली में नेतराम ध्रुव के घर के सामने आज्ञात महिला एक नवजात शिशु को लावारिस हालत में छोड़ कर चली गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं बच्चे को बरामद कर बिलासपुर मातृ छाया सेंटर में सुरक्षित रखवा दिया। बच्चे को तैयार कर छोड़ा-ग्रामीणों ने बताया कि जब बच्चा उन्हें मिला तो वह तैयार अवस्था में था एवं उसके हाथ में एक दूध का बॉटल भी था। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चे को छोड़ने वाले ने ऐसा जानबूझकर किया है।



### परिजन की तलाश

पाली में नेतराम ध्रुव के घर के सामने सात माह के नवजात को पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद किया है। बच्चे को बिलासपुर के मातृ छाया में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पुलिस ने माता-पिता की तलाश शुरू कर दी है।

**- संजीव ठाकुर,**
जूनापारा चौकी प्रभारी

# पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोग गंदगी से परेशान

**मोपका।** बरसात के दिनों में पानी की निकासी नहीं होने से गांव की गलियों में जगह-जगह कीचड़, गोबर जमा हो जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम में शामिल होने के बाद से यहां की सड़कों की हालत भी खराब हो गई है, जिसे आज तक नहीं ठीक किया जा सका।

नगर निगम बिजली, पानी एवं आदि के नाम पर टैक्स वसूल कर रही है, लेकिन किसी इसकी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इसी प्रकार कॉलोनी में पानी निकासी नहीं होने से जगह-जगह घुटनों तक पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी समस्या हो रही है। चिल्हाटी रोड में एलआईसी सिटी सहित अनेक कॉलोनियों में पानी भरा रहता है, जिससे रोड का संपर्क कट जाता है।



### घर अंदर घूसकर चोरों ने नगदी सहित सोने चांदी को किया पार

**कोरबा।** दीपका क्षेत्र के एक मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मकान से 20 हजार रुपए नकदी व सोने-चांदी की चोरी कर ली। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। रवि भवन सोमवारी बाजार दीपका में प्रेम कुमारी पटेल परिवार के साथ रहती है। शुक्रवार को प्रेम का पति काम पर गया था। घर में प्रेम व उसके बच्चे थे। कुंडी लगाकर महिला अपने बच्चों के साथ कचरा फेंकने के लिए गई थी। इसी दौरान मकान में चोरी हो गई। इसी तरह कुसमुंडा क्षेत्र के विकास नगर कुसमुंडा से बाइक की चोरी हो गई। बाइक विकास नगर कुसमुंडा में रहने वाले अनुर सिंह राठिया की है। वह बाइक क्रमांक सीजी 13 एके 9785 पर सवार होकर विकास नगर स्थित बाजार गया था। गाड़ी को खड़ी कर सब्जी खरीदने बाजार चला गया था। इस बीच चोरों ने बाइक की चोरी कर ली। अनुर वापस लौटा तो बाइक मौके पर नहीं थी। आसपास पतासाजी किया, लेकिन गाड़ी नहीं मिली।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को विदित हो कि ग्राम-मेण्ड्रा, प.ह.नं.42, रा.नि.मं.पेंडारी, ब्लॉक-तखतपुर, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)। ग्राम पंचायत मेण्ड्रा अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 613/2 में से रकबा 45x63 अर्थात 2835 वर्गफीट भूमि जो कि जमीन मालिक दुलार सिंह जोशी पिता गौतम दास जोशी, जाति-सतनामी पेशा-व्यापार, निवासी वार्ड क्रं. 3, सतनाम नगर अमेरी, तह.सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं.78282-25827 के नाम से राजस्व अभिलेखों एवं अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज है।

उक्त भूमि को मैं शिवशंकर पिता स्व. कलीराम, जाति-महरा, पेशा-नौकरी, निवासी-जोंकी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) जमीन मालिक दुलार सिंह जोशी पिता गौतम दास जोशी, जाति सतनामी पेशा-व्यापार, निवासी सतनाम नगर, अमेरी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का पक्का सौदा कर चुका हूँ एवं बतौर बयाना के रूप में अग्रिम राशि अदा कर चुका हूँ। उक्त भूमि का विधिवत् पंजीयन निकट भविष्य में संबंधित (पंजीयन कार्यालय) में होना है। उक्त भूमि को मेरे/हमारे द्वारा क्रय किये जाने पर अगर किसी व्यक्ति, किसी राष्ट्रीय कृत बैंकों, वित्तीय संस्थानों या अन्य व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर समस्त मय लिखित दस्तावेजों के साथ नीचे लिखे पता पर प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा भूमि का पंजीयन क्रेता द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

शिवशंकर
पता-ग्राम-जोंकी, तहसील सकरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.7489993711



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग)

// सूचना//

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024,
बिलासपुर, दिनांक-07/07/2025

प्रति,
1. आवेदिका गयामती शर्मा पति रामप्रवेश शर्मा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. सुखसागर 3. घनश्याम साहू 4. शर्मा जी।
एवं आप सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 27/11/2024

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 405/12 रकबा 0.0180 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदिका गयामती शर्मा निवासी चिरमिरी के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14/07/25 के समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। अत: उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका (छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक / /क/वा./तह.2025
सकरी, दिनांक 9/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मीना नेताम पिता/पति नारायण सिंह नेताम निवासी हाल मु. सागरदीप कॉलोनी उस्लापुर तह. सकरी बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 89/33 रकबा 0.0009 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/7/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी



न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक / /क/वा./तह.2025
सकरी, दिनांक 9/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सावित्री गेंदलें पिता /पति राघव सिंह निवासी सागरदीप कॉलोनी उस्लापुर तह. सकरी बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 89/29 शामिल 89/30 रकबा 0.014 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/7/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी



न्यायालय - श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी - श्री आदित्य जोशी)

// समंस /नोटिस //

शंकर वैष्णव विरुद्ध महेश अग्रवाल
प्रकरण क्रमांक -35/पी.डब्ल्यू.एक्ट/2022
आदेश दिनांक -07.07.2025
पेशी दिनांक-19.08.2025

प्रति,
महेश अग्रवाल पता-बेलपान रोड, तखतपुर, तहसील के आगे, पोस्ट-तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरुद्ध इस न्यायालय में धारा 15(2) मजदूरी भुगतान अधिनियम, के अंतर्गत आवेदक शंकर वैष्णव अपनी बकाया मजदूरी की राशि 28,000=00 (अट्ठाईस हजार रुपये), रुपये पेनाल्टी एवं ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र संस्थित कि है, जिसकी पेशी दिनांक 19.08.2025 को नियत है।

अत: इस ईश्तहार/समंस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 19.08.2025 को प्रात: 11 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक 19.08.2025 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 08/07/2025
स्थान:- बिलासपुर (छ.ग.)

(आदित्य जोशी)
प्राधिकारी
वेतन भुगतान अधिनियम
श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क.-......./अ-2/2024-25 मौजा-सीपत, म.नं. 04 तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

मो.सरताज पिता सईद, निवासी मौजा मस्तुरी, तहसील सीपत, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग... ..आवेदक/ आवेदिका विरुद्ध छ.ग. शासन ...अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम सीपत, म.नं. 04, प.ह.नं. 04, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मो. सरताज पिता सईद, निवासी सीपत, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा सीपत, म.न. 04, प.ह.नं. 04, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 707/4, कुल रकबा 0.0139 हे. में से 1500 वर्गफीट भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 18.07.2025 के लिये नियत है।

अत: तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली

पक्षकार- श्री नर्मदानंद राठौर बनाम छ.ग. शासन।

आवेदक श्री नर्मदानंद राठौर पिता स्व. श्री बिसौहा, जाति राठौर, निवासी ग्राम नवागांव वेंकट, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत: के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 225 शामिल 226/2 रकबा 0.486 हेक्टे. भूमि में से 0.202 हेक्टे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, मिशल, अधिकार अभिलेख, किसान किताव की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.07.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला मुंगेली (छ) ग.



**शपथ-पत्र**

मैं राजेश कुमार साहू उम्र 64 वर्ष पिता स्व. हनुमान दयाल साहू निवासी हरदेव लाल मंदिर के पास गोल बाजार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ का हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि मेरे पुत्र हर्ष साहू के सेकण्डरी स्कूल की सत्र 2007 के अंकसूची जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी किया गया है। उसमें मेरा नाम राजेश साहू दर्ज है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 9319 9786 3083 में मेरा नाम राजेश कुमार साहू दर्ज है।
3. यह कि राजेश साहू एवं राजेश कुमार साहू दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।
4. यह कि यह शपथ-पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन निष्पादित करता हूं।

शपथकर्ता
राजेश कुमार साहू



**शपथ-पत्र**

मैं ममतेश साहू उम्र 55 वर्ष पति श्री राजेश कुमार साहू निवासी हरदेव लाल मंदिर के पास गोल बाजार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि मेरे पुत्र हर्ष साहू के सेकण्डरी स्कूल सत्र 2007 के अंकसूची जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी किया गया है उसमें मेरा नाम त्रुटिवश मनतेश साहू (MANTESH SAHU) दर्ज है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 6791 5895 3064 में मेरा नाम ममतेश साहू (MAMTESH SAHU) दर्ज है जो सत्य व सही है।
3. यह कि मनतेश साहू (MANTESH SAHU) एवं ममतेश साहू (MAMTESH SAHU) दोनो नाम एक ही महिला अर्थात मेरा ही नाम है।
4. यह कि यह शपथ-पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन निष्पादित करती हूं।

शपथकर्ता
ममतेश साहू



**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं माधो सिंह परिहार पिता श्री केशव सिंह परिहार उम्र 41 निवासी-ग्राम व पोस्ट निरजाम तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूॅ मेरी पुत्री का नाम प्रियांशी सिंह है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है किन्तु आधार कार्ड में उसका नाम पीहू है जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम को दर्ज कराने के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूॅ।

पुराना नाम-पीहू पिता माधो सिंह परिहार, निवासी-ग्राम व पोस्ट-निरजाम तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)
नया नाम- प्रियांशी सिंह पिता माधो सिंह परिहार, निवासी-ग्राम व पोस्ट-निरजाम तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

अतः अब से मेरी पुत्री को प्रियांशी सिंह पिता माधो सिंह परिहार के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे।

**शपथकर्ता**
**माधो सिंह परिहार**
**ग्राम व पोस्ट निरजाम**
**तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.)**



कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, झल्फा (बिल्हा), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास-156 मूल आबंटी श्री इन्द्र कुमार गुप्ता पिता श्री स्व. गोपाल प्रसाद गुप्ता के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15.03.2018 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 26.09.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्रीमती सुनीता उपाध्याय पिता श्री जगदम्बा प्रसाद उपाध्याय के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

# गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।
# गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नम:॥




## गुरुपूर्णिमा पर विशेष

भारतवर्ष में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है।
" गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।"
यह दोहा स्पष्ट करता है कि गुरु ही वह ज्योतिर्मय दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु पूर्णिमा ऐसा ही एक पावन पर्व है जो गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है।

### गुरु पूर्णिमा का महत्व

गुरु पूर्णिमा हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह दिन महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में भी जाना जाता है, जिन्होंने चारों वेदों का संकलन कर ज्ञान को सुव्यवस्थित किया। इसलिए इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह दिन आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक, माता-पिता, और जीवन में सही मार्गदर्शन देने वाले हर व्यक्ति को सम्मान देने का अवसर है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है :
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।
गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नम:॥
इस श्लोक का अर्थ है कि गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान माना गया है। गुरु ही हमारे जीवन को आकार देते हैं, हमें सही और गलत में भेद करना सिखाते हैं, और हमें एक अच्छा इंसान बनाते हैं।

### गुरु का जीवन में स्थान

गुरु जीवन में मार्गदर्शक, प्रेरक और संरक्षक होते हैं। गुरु ही हमें सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों की ओर अग्रसर करते हैं। चाहे शिक्षा हो, धर्म हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र गुरु के बिना मार्गदर्शन असंभव है।गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। भारतीय परंपरा में गुरु-शिष्य संबंध सबसे पवित्र माना गया है।

### गुरु पूर्णिमा की परंपराएँ

इस दिन शिष्य अपने गुरु के चरणों में उपस्थित होकर उन्हें आदर, सम्मान और उपहार भेंट करते हैं। स्कूल, मंदिर और आश्रमों में विशेष कार्यक्रम होते हैं। सत्संग, ध्यान और भक्ति का आयोजन किया जाता है। बहुत से लोग इस दिन व्रत रखते हैं और आत्मचिंतन करते हैं।

























